एसीसी ने कराया फुटबॉल मैच

सिन्दरी। एसीसी सिन्दरी एवं इंडिया फुटबॉल ट्रेनिंग की राष्ट्रीय संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सीमाटांड़ मैदान में फुटबॉल कैम्प में 5 ग्रामीण टीमों ने भाग लिया। एसीसी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल एकेडमी खोलने का विचार कर रही है। आज के मैच में अभिजीत पात्र, राखाल रवानी, प्रताप बाउरी, काली मरांडी, शाशिकांत सोरेन तथा अमृत बास्की का प्रदर्शन उम्दा रहा। इससे पहले एसीसी के जीएम एचआर सुरेंद्र सिंह, रवि निवास, इंडिया रस के. जार्ज लारेंस तथा अम्बुज मंडल ने किक लगाकर मैच का उद्घाटन किया।

आज, 5.7.18